**सहरसा जिला मुख्यालय अन्तर्गत मौजा-हासा हकपाड़ा में स्टेडियम (खेल अवसंरचना) का निर्माण कार्य के तकनीकी बीड निस्तार हेतु दिनांकः 30.08.2025 को आहूत निगम निविदा समिति की बैठक की कार्यवाहीः-**

---

<u>**उपस्थितिः-**</u>

1. **श्री कुमार रवि,** - अध्यक्ष
   प्रबंध निदेशक, बिहार राज्य भवन निर्माण निगम लिमिटेड, बिहार, पटना।
2. **श्री सुरेश प्रसाद प्रभाकर,** - सदस्य
   अभियंता प्रमुख-सह-अपर आयुक्त-
   सह-विशेष सचिव, भवन निर्माण विभाग, बिहार, पटना।
3. **श्री अनिल कुमार,** - सदस्य
   मुख्य महाप्रबंधक,
   बिहार राज्य भवन निर्माण निगम लिमिटेड, बिहार, पटना
4. **श्री सुनील कुमार,** - सदस्य
   महाप्रबंधक (उत्तर),
   बिहार राज्य भवन निर्माण निगम लिमिटेड, बिहार, पटना
5. **श्री विकास कुमार पाण्डेय,** - सदस्य
   आन्तरिक वित्तीय सलाहकार,
   भवन निर्माण विभाग, बिहार, पटना
6. **श्री विकास कुमार पाण्डेय,** - सदस्य
   महाप्रबंधक (वित्त),
   बिहार राज्य भवन निर्माण निगम लिमिटेड, बिहार, पटना।

| | | | |
|---|---|---|---|
| 1. | **योजना का नाम** | :- | **सहरसा जिला मुख्यालय अन्तर्गत मौजा-हासा हकपाड़ा में स्टेडियम (खेल अवसंरचना) का निर्माण कार्य।** |
| 2. | **प्रशासनिक स्वीकृति की राशि एवं प्रसंग** | :- | ₹5822.48 लाख, खेल विभाग का पत्रांक-50, दिनांकः 04.02.2025. |
| 3. | **Estimated Cost OF the Work** | :- | ₹43,37,48,238.00 |
| 4. | **निविदा आमंत्रण संख्या एवं प्रकाशन का पी0आर0 संख्या** | :- | SBD (EPC) ई-निविदा आमंत्रण सूचना सं0-30/2025-26 009424(B&C) 2025-26 |
| 5. | **निविदा प्रसारण का माध्यम** | :- | ई-निविदा एवं दैनिक समाचार पत्र |
| 6. | **निविदा आमंत्रण सूचना प्रकाशन की तिथि एवं प्रकाशित समाचार पत्र का नामः-** | :- | प्रभात खबर/The Times of India, दिनांकः 24.07.2025. |
| 7. | **निविदा प्राप्ति (डाउनलोड) की तिथि एवं समय** | :- | दिनांक-26.07.2025 से 12.08.2025 के 15:00 बजे तक |
| 8. | **निविदा जमा (अपलोड) की अंतिम तिथि एवं समय** | :- | दिनांक-13.08.2025 के 15:00 बजे तक |
| 9. | **तकनीकी बीड खोलने की तिथि एवं समय** | | दिनांक-14.08.2025 के 15:00 बजे तक |
| 10. | **निविदा में भाग लेनेवाले निविदादाता का नाम एवं पता** | :- | (i) Shiv Naresh Sports Pvt Ltd, E-23, Karampura, New Delhi-110015. |

(ii) Great Sports Infra Limited, Flat No 101, 1-10-68/4, Plot No-52, Street No-2, Chikoti Gardens, Begumpet, Hyderabad, Telangana, India-500016.
(iii) Indrajit Mehta Constructions Private Limited, 13219/6, Gali No 9/1, Shiv Colony, Namdev Road, Bathinda, Punjab-151001.

12. **तकनीकी बीड मूल्यांकन समिति के अनुशंसा की तिथि** :- 27.08.2025

**<u>प्रथम बार आमंत्रित SBD (EPC) ई-निविदा :-</u>**

प्रथम बार SBD (EPC) ई-निविदा आमंत्रण सूचना सं0-09/2025-26, जिसका पी0आर0 सं0-002549 (B&C)/2025-26 है के माध्यम से निविदा आमंत्रित की गई। इस ई-निविदा में तीन निविदादाताओं ने भाग लिया। उक्त निविदा के तकनीकी बीड मूल्यांकन में तीनों निविदादाताओं के असफल होने के फलस्वरूप निविदा को रद्द करते हुए पुनर्निविदा की कार्रवाई की गई।

**<u>द्वितीय बार आमंत्रित SBD (EPC) ई-निविदा (वर्त्तमान):-</u>**

इस SBD (EPC) ई-निविदा में तीन निविदादाताओं ने भाग लिया है। इनके द्वारा अपलोड किए गए कागजातों को उप-महाप्रबंधक, पी0आई0यू0, सहरसा के द्वारा डाउनलोड कर समर्पित किया गया जिसका तकनीकी बीड मूल्यांकन समिति द्वारा मूल्यांकन किया गया, जो निम्नवत है:-

प्रथम निविदादाता Shiv Naresh Sports Pvt. Ltd. Add.- E-23, Karampura, New Delhi-110015 हैं। इनका निबंधन संख्या- MD/BSEIDCL/1055/2022 है, जिसकी वैधता दिनांकः 16.06.2027 तक है एवं Sub Contractor का विद्युत निबंधन सं0-784/L है, जिसकी वैधता दिनांकः 16.08. 2025 तक है। इनके द्वारा अपलोड किये गये निविदा कागजातों की समीक्षा तकनीकी बीड मूल्यांकन समिति द्वारा की गयी। समीक्षोपरान्त पाया गया कि इनके द्वारा एस0बी0डी0 की कंडिका 4.5(B)(b) Related to personal/Qualification में Site Engineer Retired ITI holder के स्थान पर Working ITI holder Engineer का कागजात अपलोड किया गया है, जो मान्य नहीं है। अतएव, इनके द्वारा SBD (EPC) निविदा के सभी अहर्ताओं को पूरा नही किया गया है। तकनीकी बीड मूल्यांकन समिति द्वारा इन्हें तकनीकी बीड में **नन-रेस्पॉन्सिव** पाया गया। अतः तकनीकी बीड मूल्यांकन

समिति द्वारा सर्वसम्मति से इन्हें तकनीकी बीड में **असफल** घोषित करने की अनुशंसा की गई है।

द्वितीय निविदादाता Great Sports Infra Limited, Flat No 101, 1-10-68/4, Plot No-52, Street No-2, Chikoti Gardens, Begumpet, Hyderabad, Telangana, India-500016 हैं। इनका निबंधन संख्या- Odisha PWD-597EU776 है, जिसकी वैधता दिनांकः 31.03.2027 तक है एवं Sub Contractor का विद्युत निबंधन सं0-G/GIR/C-5701 है, जिसकी वैधता दिनांकः 18.07.2027 तक है। इनकी निविदा कागजातों की जाँच तकनीकी बीड मूल्यांकन समिति द्वारा की गयी। इनका अनुभव प्रमाण-पत्र सत्यापन हेतु भेजा गया है। सत्यापन में अगर अनुभव प्रमाण-पत्र गलत पाया जाता है तो बिहार ठेकेदारी निबंधन नियमावली 2007 के अनुरुप इनके ऊपर विधिसम्मत कार्रवाई की जाएगी। इनके द्वारा एस0बी0डी0 के Sec 2-1.5 (Numbers and Maximum age of Equipments with bidder) के Water Tanker के लिए समर्पित किये गये कागजात से इसके 5 वर्ष से अधिक पुराना होने की पुष्टि होती है, जो मान्य नहीं है। इनके द्वारा एस0बी0डी0 के Sec 2-1.5 (Numbers and Maximum age of Equipments with bidder) के Motor Grader के लिए समर्पित किये गये कागजात में M/s Polyhose India Pvt. Ltd. के साथ lease agreement है लेकिन चालान IKKUIPLS Ventures LLP के नाम पर है एवं Eagle Infra India Ltd का चालान संलग्न है लेकिन lease agreement संलग्न नहीं किया गया है, जो मान्य नहीं है। इनके द्वारा एस0बी0डी0 की कंडिका-4.3(i) (Proposed Methodology and Programme of Construction) के लिए वांछित Work Programme समर्पित नहीं किया गया है। तकनीकी बीड मूल्यांकन समिति द्वारा इन्हें तकनीकी बीड में **नन-रेस्पॉन्सिव** पाया गया। अतः तकनीकी बीड मूल्यांकन समिति द्वारा सर्वसम्मति से इन्हें तकनीकी बीड में **असफल** घोषित करने की अनुशंसा की गई है।

तृतीय निविदादाता Indrajit Mehta Constructions Private Limited, 13219/6, Gali No 9/1, Shiv Colony, Namdev Road, Bathinda, Punjab-151001 हैं। इनका निबंधन संख्या- Chief Construction Engineer (R&D)-CCSU/1007 है, जिसकी वैधता दिनांकः 28.03.2026 तक है एवं विद्युत निबंधन सं0-50590000001934 है, जिसकी वैधता दिनांकः 09.02.2045 तक है। इनकी निविदा कागजातों की जाँच तकनीकी बीड मूल्यांकन समिति द्वारा की गयी। इनका अनुभव प्रमाण-पत्र सत्यापन हेतु भेजा गया है। सत्यापन में अगर अनुभव प्रमाण-पत्र गलत पाया जाता है तो बिहार ठेकेदारी निबंधन नियमावली 2007 के अनुरुप इनके ऊपर विधिसम्मत कार्रवाई की जाएगी।

समीक्षोपरान्त पाया गया कि इनके द्वारा एस0बी0डी0 की कंडिका Sec 2-1.5 (Number and Maximum age of Equipments with bidder) में Vibrator (Plate & Niddle) के लिए समर्पित किये गये कागजात से इसके 5 वर्ष से अधिक पुराना होने की पुष्टि होती है, जो मान्य नहीं है। Water Tanker एवं Motor Grader के लिए इनके द्वारा Tax invoice के जगह Proforma invoice एवं Affidavit in case of lease के जगह consent letter अपलोड किया गया है, जो मान्य नहीं है। इसके अतिरिक्त Paver Finisher and Vibratory Rollar के लिए Affidavit in case of lease के स्थान पर Consent letter दिया गया है, जो मान्य नही है। तकनीकी बीड मूल्यांकन समिति द्वारा इन्हें तकनीकी बीड में **नन-रेस्पॉन्सिव** पाया गया। अतः तकनीकी बीड मूल्यांकन समिति द्वारा सर्वसम्मति से इन्हें तकनीकी बीड में **असफल** घोषित करने की अनुशंसा की गई है।

**<u>तकनीकी बीड मूल्यांकन समिति की अनुशंसाः-</u>**

तकनीकी बीड मूल्यांकन समिति के द्वारा इस ई-निविदा में भाग लेनेवाले तीनों निविदादाताओं **(i) Shiv Naresh Sports Pvt Ltd, E-23, Karampura, New Delhi-110015 (ii) Great Sports Infra Limited, Flat No 101, 1-10-68/4, Plot No-52, Street No-2, Chikoti Gardens, Begumpet, Hyderabad, Telangana, India-500016 एवं (iii) Indrajit Mehta Constructions Private Limited, 13219/6, Gali No 9/1, Shiv Colony, Namdev Road, Bathinda, Punjab-151001 को तकनीकी बीड में असफल** घोषित करने की अनुशंसा की गई है।

**<u>निगम निविदा समिति का निर्णयः-</u>**

उपरोक्त तथ्यों पर सम्यक् विचारोपरान्त समिति द्वारा तकनीकी बीड मूल्यांकन समिति की दिनांकः 27.08.2025 की अनुशंसा के आलोक में इस ई-निविदा में भाग लेनेवाले तीनों निविदादाताओं **(i) Shiv Naresh Sports Pvt Ltd, E-23, Karampura, New Delhi-110015 (ii) Great Sports Infra Limited, Flat No 101, 1-10-68/4, Plot No-52, Street No-2, Chikoti Gardens, Begumpet, Hyderabad, Telangana, India-500016 एवं (iii) Indrajit Mehta Constructions Private Limited, 13219/6, Gali No 9/1, Shiv Colony, Namdev Road, Bathinda, Punjab-151001 को तकनीकी बीड में असफल घोषित** किया जाता है। इस कार्यवाही को निगम वेबसाईट पर रखा जाय एवं दिनांक-08.09.2025 के अपराह्न 12:30 बजे तक ई-निविदा से संबंधित किसी प्रकार की आपत्ति/परिवाद प्राप्त होता है, तो मुख्य महाप्रबंधक पुनः तकनीकी बीड मूल्यांकन

समिति की बैठक आहूत करेंगे एवं पुनः विचार/अंतिम निर्णय हेतु निगम निविदा समिति के समक्ष अनुशंसा के साथ प्रस्तुत करेंगे। उक्त तिथि तक किसी प्रकार की आपत्ति/परिवाद प्राप्त नहीं होने की स्थिति में उक्त कार्य की निविदा के लिये पुनः व्यापक रुप से प्रचार-प्रसार करते हुए पुनः निविदा आमंत्रित करने की निगम निविदा समिति द्वारा निर्णय लिया गया।

निगम निविदा समिति की इस कार्यवाही को निगम वेबसाईट पर डाली जाय।

अन्त में बैठक सधन्यवाद समाप्त हुआ।

(विकास कुमार पाण्डेय)
महाप्रबंधक(वित्त),
बिहार राज्य भवन निर्माण निगम लिमिटेड, बिहार, पटना

(विकास कुमार पाण्डेय)
आन्तरिक वित्तीय सलाहकार,
भवन निर्माण विभाग, बिहार, पटना

(सुनील कुमार)
महाप्रबंधक(उत्तर),
बिहार राज्य भवन निर्माण निगम लिमिटेड, बिहार, पटना

(अनिल कुमार)
मुख्य महाप्रबंधक,
बिहार राज्य भवन निर्माण निगम लिमिटेड, बिहार, पटना

(सुरेश प्रसाद प्रभाकर)
अभियंता प्रमुख-सह-अपर आयुक्त-सह-विशेष सचिव,
भवन निर्माण विभाग, बिहार, पटना

(कुमार रवि)
प्रबंध निदेशक,
बिहार राज्य भवन निर्माण निगम लिमिटेड, बिहार, पटना